Cadet Lalita Kumari
DL195WA900267
Maitreyi College

Date .....

वृक्षारोपण

प्रस्तावना

वन मानव जीवन के लिए बहुत ही उपयोगी है किंतु सामान्य व्यक्ति उसके महत्व को नही समझ रहा है जो व्यक्ति वनों मे रहते है या जिनकी आजीविका वनों पर आश्रित है। वही वनों के महत्व को समझते है।

वृक्षारोपण क्या है।

किसी भी पेड़ से रहित बंजर भूमि मे पेड़ो को लगाने या बीज बोने की प्रक्रिया को वृक्षारोपण कहते है। यह विशेष रूप से देशों मे विदेशी वृक्षों को लगाने की एक प्रक्रिया है। आज के इस आधुनिक युग मे पेड़ों की संख्या मे बहुत कमी हो रही और मनुष्य जीवन के लिए बहुत ही उपयोगी है। इसलिए वृक्षारोपण करना बहुत जरूरी है। आसान शब्दों मे कहा जाय तो वृक्षारोपण नए वनों का निर्माण है।

वृक्षारोपण का महत्व

मनुष्य के जीवन मे वृक्षों का बहुत ही विशेष महत्व है। पेड़ धरती माता के बेटे है। और हमारे मित्र भी। वृक्षों से हमें फल, सब्जियां, लकड़ियां आदि प्राप्त होती है। लकड़ी से फर्नीचर, कागज, गोंद आदि वस्तुएँ तैयार की जाती है। उसके अलावा पेड़ों से बहुत सारी औषधियां तैयार की जाती है। जो हमारे शरीर से संबंधित कई प्रकार के रोगों का उपचार करने मे हमारी मदद करती है।

Spiral

Date .....

पेड़ ना केवल हमें शुद्ध हवा प्रदान करते हैं। बल्कि पर्यावरण को भी सुंदर बनाते हैं। पेड़ पर पक्षी अपना घोंसला बनाकर रहते हैं। तपती धूप में यह मनुष्य को छाया प्रदान कर उसे गर्मियों से बचाने में मदद करती है। पेड़ों के ना होने से मनुष्य का जीवन संकट में आ जाएगा। मनुष्य सुख सुविधाओं के लालच में आकर पेड़ों का शत्रु बन बैठा है।

हर प्रकार के प्राकृतिक आपदाओं और प्रदूषण से जुगतने के पश्चात अब लोगों को वृक्षारोपण का महत्व समझने आने लगा है। अब शहर से लेकर गाँव तक लोगों और सरकार ने मिल जुल कर कार्यक्रमों की शुरुवात की है जिससे की वृक्षारोपण को बढ़ावा मिले। स्कूल और कालेज में भी बच्चों और अध्यापकों द्वारा नियमित रूप से वृक्षारोपण के कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं।

निष्कर्ष Conclusion

वृक्षारोपण न केवल शासन का कर्तव्य है। बल्कि हमारा भी कर्तव्य है प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य है कि वृक्षों को ना काटे और काटने से भी रोके। अधिकाधिक वृक्षारोपण करें, ताकि वनों से हमें पर्यटन की सुविधा, पशु पक्षी का दर्शन, प्राकृतिक संतुलन वनस्पति आदि मिलते रहे। अगर वन संपदा नष्ट हो जाएगी तो प्रकृति को कोप से बचाना बहुत ही मुश्किल होगा।

Spiral